


नवभारत 07
भोपाल, मंगलवार 20 जनवरी 2026


### एक नजर में



### रग्बी टूर्नामेंट में ओरिएंटल ने बीवीएम को किया पराजित

**बुधनी.** आईटीआई ग्राउंड में रग्बी एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित ब्लॉक स्तरीय स्कूल रग्बी टूर्नामेंट प्रतियोगिता में क्षेत्र के 8 विद्यालयों की अंडर-12 बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने भाग लिया. फाइनल मुकाबले में ओरिएंटल पब्लिक स्कूल ने बीवीएम स्कूल को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया. कार्यक्रम में मप्र फुटबॉल रग्बी एसोसिएशन के टेक्निकल डायरेक्टर संदीप यादव, सचिव अबरार अहमद, पंकज जैन, अर्जुन मालवीय, सत्येन्द्र सिंह सिवाच, नील कमल सरकार, राजू पाल, पार्षद प्रतिनिधि किशन मालवीय, अभय श्रीवास्तव उपस्थित थे. सभी अतिथियों ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.



### संगठित हिंदू समाज ही भारत की वास्तविक शक्ति : पोरवाल

**बुधनी.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में ग्राम होलीपुरा में आयोजित हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए संघ के प्रांत सह व्यवस्था प्रमुख रामवीर पोरवाल ने कहा कि संगठित हिंदू समाज ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है. इतिहास गवाह है कि जब-जब हिंदू समाज असंगठित हुआ, तब-तब उस पर अत्याचार होते रहे. उन्होंने कहा कि देश में कुछ तथाकथित सेकुलर विचारधाराओं के चलते हिंदू समाज के समक्ष नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं और कई स्थानों पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे समाज को सजग और संगठित रहने की आवश्यकता है. कार्यक्रम की अध्यक्षता ललिता आश्रम, पं. अजय दुबे ने की. सम्मेलन में नन्हीं बालिकाओं द्वारा शस्त्र निपुणता के प्रदर्शन ने उपस्थित जनसमूह का ध्यान आकर्षित किया. अंत में भारत माता की आरती एवं सहभोज के साथ हुआ.



### नीलकंठ घाट पर हर रविवार को होगी मां नर्मदा की आरती

**भैरूंदा.** मां नर्मदा के प्रति आस्था और श्रद्धा को प्रकट करने के लिए नर्मदा उत्सव समिति, नीलकंठ द्वारा एक विशेष पहल की शुरुआत की गई है. समिति के निर्णयानुसार, अब प्रत्येक रविवार शाम 6 बजे नीलकंठ घाट पर मां नर्मदा की महाआरती एवं भव्य प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा. नर्मदा उत्सव समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से इस धार्मिक अनुष्ठान में सहभागी बनने का आह्वान किया है. समिति ने बताया कि श्रद्धालु अपने घरों से शुद्ध आटे के दीपक बनाकर लाएं और मां नर्मदा को अर्पित करें.



### विवेकानंद जयंती पखवाड़ा से अभ्युदय अभियान का शुभारंभ

**बुधनी.** जन अभियान परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पखवाड़ा एवं विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम में समाजसेवी विनय यादव, डॉ. ओमप्रकाश खरे, धीरेंद्र तिवारी, डॉ. अजय अवस्थी, हरिचरण अहिरवार, रमेश शर्मा उपस्थित थे. इस अवसर पर विनय यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अल्प आयु में ही संपूर्ण भारत का भ्रमण कर देश को विश्व पटल पर पहचान दिलाई. जो उनकी आत्म शक्ति का परिणाम था. इसी प्रकार उपस्थित अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम में चैन सिंह कीर, रुपेश गोस्वामी, सोना दुबे, सुनील गौर, मेंटर सुनील पांडे, आलोक यादव, अभिषेक यादव, बबलू दायमा, शिवानी चौहान, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.



### हिन्दू सम्मेलन में अयोध्या की झांकी बनी आकर्षण का केन्द्र

**भैरुंदा.** केशव बस्ती में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस दौरान कलश यात्रा निकाली गई. आयोजन स्थल पर मुख्य मार्ग पर अयोध्या धाम की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी. मुख्य वक्ता बृजकिशोर ने कहा कि भारत की सीमाएं देव निर्मित हैं. इसलिए इसको देव भूमि कहा जाता है. विश्व में केवल हि न्दू ही पृथ्वी को अपनी माता मानता है. उन्होंने कहा कि प्रत्येक माता बहनों से आग्रह है कि वह अपने घर के पुरुषों को संघ की दैनिक शाखाओं में भेजें. कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती व समरसता भोज का आयोजन हुआ इसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे. इस मौके पर मातृशक्ति वक्ता चित्रलेखा पचौरी, संत वक्ता ब्रह्म कुमारी उर्मिला एवं हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा उपस्थित थे.

# बैंक से निकलते ही 50 हजार चोरी

## बेटी की शादी के लिए निकाले थे पैसे, कार्रवाई न होने पर पीड़ित पहुंचा एसपी कार्यालय

**छतरपुर,19 जनवरी. नगर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में चोरी का मामला सामने आया है. ग्राम मुकरवा निवासी भगवान दास कुशवाहा के बैग से पंजाब नेशनल बैंक से पैसे निकालने के तुरंत बाद 50 हजार रुपये चोरी हो गए.**



पीड़ित ने पहले सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने पर सोमवार को दोपहर करीब 2 बजे एसपी कार्यालय पहुंचकर आवेदन दिया. भगवान दास कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर बेटी की शादी के लिए बाजार करने निकले थे. इसी दौरान दूधनाथ मंदिर के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके बैग से नकदी चोरी कर ली. उन्हें यह बात कुछ देर बाद बैग चेक करने पर पता चली. घटना के बाद पीड़ित ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से वह निराश हो गए. इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई.

> पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर चोरी गए रुपये बरामद करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. पुलिस का कहना है कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जाएगी.

# नपाध्यक्ष ने दी वार्ड को लाखों की सौगात

**सीहोर 19 जनवरी.** शहर को स्मार्ट सिटी के तर्ज पर विकसित करने के लिए करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य कराए गए है और जहां पर भी आवश्यकता होती है, वहां निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं.

सोमवार को नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने 15 लाख से अधिक के तीन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया. इस मौके पर वार्ड क्रमांक चार के पार्षद राजेश मांझी ने बताया कि क्षेत्र का विकास वर्तमान नगर परिषद में तेजी से किया गया है. हमारे नपाध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा वार्ड में आने वाली जल भराव की समस्या के लिए करीब 3 लाख 20 हजार से नाली निर्माण कार्य किया है. वहीं साढ़े 13 लाख की लागत से डामरीकरण और सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है.

पार्षद श्री मांझी ने बताया कि वार्ड के अंतर्गत नौ लाख की राशि से अनिल शर्मा के घर से गीता भवन तक जाने वाली सड़क का नौ लाख की राशि से डामरीकरण किया जाएगा. इसके अलावा साढ़े चार की राशि से सीसी सड़क और तीन लाख 20 हजार की राशि से नाली निर्माण का कार्य पूर्ण किया जाएगा. भूमिपूजन कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, विजेन्द्र परमार, अजय पाल सिंह राजपूत, कमलेश कुशवाहा, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा व अनेक क्षेत्रवासी शामिल थे.

# उर्दमऊ में चार पहिया वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

- गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र की घटना
- दोनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी

**छतरपुर, 19 जनवरी. नगर के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत उर्दमऊ गांव में सोमवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया. कुएं से घर लौट रहे दोपहिया वाहन चालकों को एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी. यह घटना सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है.**

हादसे में बाइक सवार भइयन पाल और जित्तू पाल गंभीर रूप से घायल हो गए. टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल गढ़ीमलहरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी



स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल, छतरपुर रेफर कर दिया गया. जिला अस्पताल में दोनों घायलों का उपचार जारी है. चिकित्सकों के अनुसार घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हादसा तेज गति, लापरवाही या अन्य किसी कारण से हुआ.

# कैड़ी तिराहे के पास तेज रफ्तार ट्राला पलटा

- ब्रेक फेल होने से टला बड़ा हादसा
- सड़क किनारे मोड़ने पर बिगड़ा संतुलन, ड्राइवर घायल

**छतरपुर, 19 जनवरी. जिले के ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत कैड़ी तिराहे के पास बीती शाम एक तेज रफ्तार ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया. गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया. ट्राला पलटने से कुछ समय के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया.**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्राला तेज गति से आ रहा था, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया. हादसे के बाद सड़क पर कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा. ट्राला चालक और वाहन मालिक ने बताया कि चलते समय अचानक



वाहन के ब्रेक फेल हो गए थे. सामने किसी बड़ी दुर्घटना से बचने के लिए चालक ने ट्राले को सड़क के किनारे मोड़ दिया, लेकिन इसी दौरान ट्राला पलट गया. ड्राइवर ने बताया कि यदि वाहन को किनारे नहीं मोड़ा जाता तो यह दूसरी लाइन की ओर पलट सकता था, जिससे गंभीर हादसा हो सकता था. हादसे में चालक को हल्की चोटें आईं, जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने प्राथमिक उपचार देकर संभाल लिया. सूचना मिलने पर ओरछा रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने यातायात को सुचारू कराया और ट्राले को हटवाने की कार्रवाई शुरू कर दी. पुलिस मामले की जांच कर रही है कि हादसा तकनीकी खराबी के कारण हुआ या किसी अन्य वजह से. फिलहाल यातायात सामान्य कर दिया गया है.



# ग्रामीण खाद्यान्न राशन से परेशान

**लोगों को 5 माह से राशन नहीं मिल पा रहा, ग्रामीण राशन लेने से कर रहे बहिष्कार**

**चंदला,19 जनवरी. तहसील अंतर्गत माधौपुर सेवा सहकारी समिति की संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान रमझाला में ग्रामीणों ने भारी अनियमितताओं का आरोप लगाया है.**

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 4-5 माह का राशन नहीं दिया जा रहा है. कई लोगों को एक माह का राशन भी नहीं मिला, जबकि कुछ को 2 माह का राशन दिया जा रहा है. उन्हें राशन लेने के लिए पर्ची दी गई थी और फिंगर भी लगवाया गया, लेकिन अब तक पुराना राशन नहीं दिया जा रहा है. ग्रामीण रामऔतार सिसोदिया, बलवान सिंह, राजकुमार अहिरवार, दिलीप अहिरवार, नंदकिशोर सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि राशन वितरण में लगातार लापरवाही हो रही है. कुछ लोगों को बताया गया कि जो सेल्समैन थे, उन्होंने राशन बेचकर चला गए हैं और उनके पास स्टॉक नहीं है. ग्रामीणों का कहना है कि वे भूखे हैं, उनके बच्चे भूख से तड़प रहे हैं और स्थिति बहुत गंभीर है. कई लोग राशन न मिलने से मानसिक दबाव में हैं. ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि अधिकारियों द्वारा तत्काल कार्रवाई कर राशन उपलब्ध कराया जाए. इस मामले में पूर्व सेल्समैन शिवकुमार पटेल से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन वे बातचीत से बचते रहे और अपना चेहरा छिपाते नजर आए. ग्रामीणों का आरोप है कि शिवकुमार पटेल ही पूर्व में सेल्समैन था और राशन बेचकर चला गया है. वर्तमान में नई भर्ती सेल्समैन राहुल सिंह ने बताया कि उन्हें जो स्टॉक दिया गया है, वही वितरण किया जाएगा. उन्होंने कहा कि पिछला राशन गायब है और वह उपलब्ध नहीं है. उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों को पर्ची दी गई है, वे अपना राशन ले सकते हैं, लेकिन पिछले महीने का राशन अब नहीं दिया जाएगा. ग्रामीणों ने अधिकारियों की चुप्पी पर सवाल उठाया है. उनका कहना है कि कब तक उन्हें पिछले महीनों का राशन मिलेगा, इस बात की स्पष्टता नहीं है और ग्रामीण अभी भी उम्मीद लगाए बैठे हैं.

### चाइनीज मांझे की चपेट में आकर युवक घायल

**बुधनी.** प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझे की बिक्री जानलेवा साबित हो रही है. ताजा मामला नगर के वार्ड क्रमांक 12 माना क्षेत्र का है. सड़क से गुजर रहा एक युवक चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया. मांझा सुखराम वर्मा नामक युवक की गर्दन में फंसते ही गहरा घाव हो गया और तेज रक्तस्राव होने लगा. युवक घबरा कर सड़क पर गिर पड़ा. लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया. जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार किया. गनीमत रही कि समय पर इलाज मिलने से युवक की जान बच गई. अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था.

### वाहन ने युवक को रौंदा

**बुधनी, 19 जनवरी.** थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. जिसमें अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल बुधनी पहुंचाया, जहां शव को मर्चुरी रूम में रखवाया है. जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान टीकाराम राम कहार निवासी मालाखेड़ी, रायपुर जिला नर्मदापुरम के रूप में हुई है.

# निष्पक्ष मतदाता पुनरीक्षण की मांग



**एसआईआर को लेकर कांग्रेस का ज्ञापन**

**जिला निर्वाचन अधिकारी से मिले कांग्रेस पदाधिकारी**

**छतरपुर, 19 जनवरी. नगर में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा.**

दोपहर करीब 1 बजे कांग्रेस पदाधिकारियों ने निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य निष्पक्ष, पारदर्शी और चुनाव आयोग के निर्धारित नियमों के अनुसार कराए जाने की मांग रखी.

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि पूरे प्रदेश में इस समय एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है और इसके अंतिम चार दिन शेष हैं. इस दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम जोड़े और हटाए जा रहे हैं. ऐसे में किसी भी प्रकार की अनियमितता या पक्षपात की आशंका को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है.

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस कमेटी ने मांग की कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के तहत, पारदर्शिता के साथ और सभी राजनीतिक दलों की जानकारी में की जाए, ताकि किसी भी मतदाता के अधिकारों का हनन न हो.

कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष मतदाता सूची बेहद जरूरी है और इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी.

**बैठक** ▶ **रेलवे नेशनल हाईवे भू अर्जन की धीमी रफ्तार देख नाखुश हुए कलेक्टर**

# भू-अर्जन में विलंब देख कलेक्टर ने लगाई फटकार

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 19 जनवरी.** जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के ने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के समय पर एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण नहीं होने पर कड़ा रुख अपनाया है.

उन्होंने नेशनल हाईवे परियोजना के लिए भू-अर्जन की कार्रवाई में हो रहे विलंब पर नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि भू-अर्जन में देरी के कारण परियोजनाओं की शुरुआत प्रभावित हो रही है, जिससे आम जनता को सुविधाएं मिलने में अनावश्यक विलंब हो रहा है. इस कार्य में आपसी समन्वय के साथ आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए. उन्होंने



रेलवे एवं नेशनल हाईवे परियोजनाओं के लिए आवश्यक भू-अर्जन की कार्रवाई जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश भी दिए, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके और जनता को जल्द लाभ मिल सके.

कलेक्टर ने जिलेभर में जल सुनवाई आयोजित करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति, जलस्तर, हैंडपंप, नल-जल योजना सहित अन्य जल संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध निराकरण किया जाए.

कलेक्टर बालागुरू के ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों से राशन वितरण की समीक्षा के दौरान राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संदिग्ध एवं अपात्र हितग्राहियों के नाम सूची से हटाए जाएं. उन्होंने मध्याह्न भोजन योजना के तहत खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए. उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाएं.

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने भावान्तर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि तक की गई समस्त खरीदी की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं.

# वाहन फिटनेस कराने जाना पड़ेगा दूर

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 19 जनवरी. जिले सहित प्रदेश के कई जिलों के आरटीओ कार्यालयों में वाहन फिटनेस जांच और फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने की व्यवस्था अचानक बंद हो जाने से वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई है. ऐसे में अब ऑटो, टैक्सी, बस और ट्रक जैसे व्यावसायिक वाहनों को फिटनेस कराने के लिए भोपाल का रुख करना पड़ेगा. लेकिन इसमें वाहन चालकों को खासी मशक्कत करना पड़ेगी.**

खास बात यह है कि जिले के जावर, मेहतवाड़ा जैसी जगहों से भोपाल की दूरी 125 किमी से अधिक है। ऐसे में अब फिटनेस के लिए वाहन चालकों को आने-जाने में 150 किमी से ज्यादा की दूरी तय करना पड़ेगी. यह परेशानी अकेले सीहोर की नहीं बल्कि प्रदेश के 34 जिलों में भी हुई है. स्थिति यह है कि कई जिलों के वाहन चालकों को फिटनेस के लिए 40 किमी से लेकर 210 किमी तक की दूरी तय करनी पड़ रही है. गुना से भोपाल की दूरी लगभग 211 किमी हैं, जो प्रदेश में सबसे अधिक बताई जा रही है. गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने अब भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर जैसे बड़े शहरों में ही फिटनेस सर्टिफिकेट की व्यवस्था रखी है।

परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि जिला स्तर पर फिटनेस व्यवस्था बंद करने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था स्पष्ट की जानी चाहिए थी। यदि जल्द ही नई नीति या स्थानीय समाधान लागू नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में प्रदेशभर में यह समस्या और गंभीर रूप ले लेगी.

यदि किसी व्यावसायिक वाहन के पास वैध फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं पाया जाता है, तो 5,000 रुपए तक का चालान किया जा सकता है.